हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 जिले में सड़क किनारे अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण ...



12 शिक्षा ही समाज के सर्वांगीण विकास की ...



## खबर संक्षेप

### सर्व आदिवासी समाज भवन का 17 को होगा लोकार्पण




**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल में सर्व आदिवासी समाज के 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित भवन का लोकार्पण 17 अप्रैल शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदकिशोर नेताम अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, संरक्षक जगत दुग्गा, सेवालाल चिराम एवं सुकलाल नाग की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक सचिव शाम सिंह नरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भवन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए एक सुसज्जित स्थान उपलब्ध होगा।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत इरपाना में 12 अप्रैल को तेलंगाना के ओरमनी निवासी 26 वर्षीय श्रीकांत माधव पिता शंकर माधव हाल निवास बांदे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का फिलहाल पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नशा छोड़ो, सफर जोड़ो का जारी किया पोस्टर

**कांकेर।** जिला पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चलाते हुए नशा छोड़ो, सफर जोड़ो का पोस्टर जारी करते हुए आमजन से अपील किया है कि नशे में वाहन न चलाएं। पुलिस द्वारा जारी संदेश में बताया गया कि सड़क दुर्घटनाएं किस्मत का खेल नहीं, बल्कि लापरवाही का परिणाम होती हैं। शराब पीकर वाहन चलाना अपराध है और यह न केवल चालक बल्कि अन्य लोगों की जान के लिए भी खतरा बन सकता है। पुलिस ने लोगों से सुरक्षित ड्राइविंग करने और अपने व दूसरों के जीवन की रक्षा करने की अपील की है।




### सड़क हादसे में बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम

**कांकेर।** थाना बांदे अंतर्गत ग्राम पीव्ही 89 के पास सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी पीव्ही 82 विजय नगर निवासी मोटर सायकल का चालक शिबु घोष अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए 3 अक्टूबर को एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### प्रेस क्लब के नवनिर्मित कक्ष का हुआ लोकार्पण



**भानुप्रतापपुर।** स्थानीय पत्रकारिता को सशक्त बनाने और पत्रकारों की सुविधाओं में विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भानुप्रतापपुर स्थित प्रेस क्लब पत्रकार भवन में नवनिर्मित कक्ष का लोकार्पण हुआ। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि पत्रकारिता केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी ने कहा कि 15 वर्ष पूर्व जनसहयोग से इसकी नींव रखी गई थी। परिवहन संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह ने प्रेस क्लब की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए माइक सेट प्रदान करने की घोषणा की। जनप्रतिनिधि व पत्रकार संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रेरणा के महाकुंभ में युवाओं और नव दम्पतियों को मिला जीवन संवारने का मंत्र

### गायत्री परिवार के शिविर में 70 प्रतिभागियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

विकासखंड नरहरपुर में एक प्रेरणादायक पहल के तहत अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में युवाओं एवं नव विवाहित दम्पतियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर नरहरपुर के प्रांगण में आयोजित इस शिविर ने न केवल युवाओं को नई दिशा दी, बल्कि पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों को सशक्त बनाने का संदेश भी दिया गया।

विशेषज्ञों ने युवाओं को जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाने और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के दुरुपयोग से बचने और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर भी जागरूकता बढ़ाई गई। प्रशिक्षकों ने युवाओं से न केवल स्वयं नशे से दूर रहने, बल्कि समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आव्हान किया। नव विवाहित दम्पतियों के लिए आयोजित विशेष सत्रों में वैवाहिक जीवन की तैयारी, पारिवारिक मूल्यों, संस्कारों और गर्भ संस्कार के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं पर उपयोगी जानकारी दी गई। दम्पतियों को सुसंस्कृत संतति निर्माण और आदर्श परिवार की स्थापना के लिए प्रेरित करते हुए देव दम्पति बनने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वय समिति के समन्वयक ताराचंद सिन्हा के नेतृत्व में हुआ, जिसमें युवा प्रकोष्ठ की सक्रिय भूमिका रही। प्रशिक्षण सत्रों में व्यक्तित्व विकास को केंद्र में रखते हुए लक्ष्य निर्धारण, कैरियर निर्माण, सकारात्मक सोच, अनुशासन और समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। राजपुर प्रज्ञा मंडल के गोवर्धन शोरी की टीम एवं बागडोगरी मंडल के विष्णु साहू की टीम ने व्यवस्थाओं में अहम भूमिका निभाई। शिविर में लगभग 60 युवाओं और 10 नव दम्पतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




#### नई उर्जा एवं सकारात्मक सोच का हुआ संचार

प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों के रूप में मंजु सेन, चित्रांगदा दर्रो, मान नाग, निर्मला यादव, संजना पटेल और पूर्णानंद शिवाना ने सरल एवं प्रभावी शैली में अपने अनुभव साझा किए। प्रतिभागियों में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार किया। कार्यक्रम की सफलता में विभिन्न प्रज्ञा मंडलों के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### रजिस्ट्री के बाद भुगतान में धोखाधड़ी का आरोप, चेक हो गया बाउंस

## गुमराह करके जमीन की रजिस्ट्री करवाने में बालोद का गैंग सक्रिय, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा तहसील अंतर्गत ग्राम रानीडोंगरी की एक ग्रामीण महिला ने जमीन बिक्री के बाद भुगतान में धोखाधड़ी और धमकी का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। मामला लाखों रुपए के लेन-देन और पंजीकृत विक्रय विलेख से जुड़ा हुआ है, जिसमें अब विवाद गहराता जा रहा है। एक महिला ने शिकायत किया है, परंतु उनके साथ आए 6 से 7 लोगों ने भी अपनी समस्याओं से हरिभूमि के संज्ञान में लाया। ग्रामीणों का कहना है कि बालोद के तीन से चार लोगों ने मिलकर कांकेर जिले के एक दर्जन ग्रामीणों को अपने जाल में फंसाया है।

- पीड़ित ने जनदर्शन में आवेदन लगाकर समस्या के निराकरण की किया माँग

कांकेर कलेक्टर के जनदर्शन में शिकायत करने पहुंची महिला बिमला बाई के बेटे ने आवेदन देने के बाद बताया कि उनके नाम दर्ज कृषि भूमि, जिसमें कुल 8 खसरे और लगभग 11.59 हेक्टेयर यानी 28.63 एकड़ रकबा शामिल है, का विक्रय 30 मई 2025 को बालोद निवासी सेवन्त कुमार साहू के पक्ष में हो गया। जबकि क्रेता ने केवल 9 एकड़ जमीन के बेचने का सौदा 25 लाख में किया था, जमीन बेचने का कारण यह था कि महिला के भतीजा उग्रसेन को कैंसर था और उसे इलाज के लिए पैसा चाहिए था। क्रेता बिना पढ़ी लिखी महिला और बीमार व्यक्ति को पंजीयक कार्यालय में ले जाकर पूरी 28.63 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री करवाकर उसके साथ धोखाधड़ी कर दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार क्रेता द्वारा भुगतान दो चेकों के माध्यम से किया गया, जिसमें प्रत्येक 12.50 लाख रुपये के थे। इनमें से एक चेक एक्सिस बैंक ⏭ शेष पेज 10 पर



#### किसानों ने की मामले की जांच की मांग

चारामा क्षेत्र के पीड़ित किसानों का कहना है कि बीमार होने पर ब्याज में पैसा देने की बात करके कागजों में हस्ताक्षर करवाए गए। रजिस्ट्री आफिस में बताया गया कि हाफ रजिस्ट्री हुई है, इस तरह से कई तरह के गुमराह करके और परेशान किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर बालोद के गैंग ने खेल खेला है। सभी जमीनों की जांच कराई जाए। गैंग के आय स्रोत की जांच आयकर विभाग से करवा दी जाए तो पूरा खेल उजागर हो सकता है।

#### बालोद के दलाल ने निभाई भूमिका

*हरिभूमि ने इस मामले में तस्दीक किया तो सबसे पहले ओमप्रकाश साहू से जमीन खरीदी को लेकर संवाद किया तो उसने बताया कि जमीन का दलाली का काम करने वाले टेमन साहू और हीराधर जो शासकीय कर्मचारी है, इनके बताने पर जमीन खरीदा हूँ और पूरा पैसा दिया हूँ। टेमन साहू से इस विषय पर हरिभूमि ने बात किया तो उसने बताया कि धनेलीकन्हार के रैन मसीह और गुरूमुखरा के कृष्णा साहू के माध्यम से इन जमीनों की जानकारी मिली थी। सेवंत का कहना है कि मैने जमीन नियमानुसार खरीदा हूँ और पूरा पैसा दिया गया है।*

#### प्रशासन स्वमेव संज्ञान लेगा, तभी होगा एक्शन

*वास्तव में देखा जाए तो प्रथम दृष्टया यह धोखाधड़ी का मामला प्रतीत होता है। पुलिस के पास किसान गए थे, परंतु 174 के तहत कार्रवाई करके मामले को इतिश्री कर दिया। पुलिस वास्तव में इस मामले की जाँच कर दी जाती तो बालोद का गैंग जो कांकेर में सक्रिय है, उस पर विराम लग जाता। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन इस मामले को स्वसंज्ञान में लेकर गंभीरता नहीं दिखाएग, तो आने वाले समय में कई किसान गुमराह के शिकार होकर अपनी जमीन से हाथ धो बैठेंगे।*

## कच्चे परिवहन संघ कार्यालय के पीछे जुआ खेलते 3 जुआरी पुलिस गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कच्चे चौकी क्षेत्र में जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। बिजली की रोशनी में खुलेआम ताश पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने घेराबंदी कर रंगे हाथों धर दबोचा। मौके से नकदी समेत जुए का सामान भी बरामद किया गया।

कच्चे चौकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध गतिविधियों पर लगाम कसते हुए पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई उस समय की गई, जब पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कच्चे परिवहन संघ के पीछे बिजली की मर्करी लाइट के उजाले में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर दी। जैसे ही पुलिस ने दबिश दी, वहां मौजूद जुआरियों में हड़कंप मच गया, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते तीनों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 6 हजार 400 रुपए नगद बरामद किए। पकड़े गए जुआरियों में कच्चे निवासी 35 वर्षीय अकबर कचलाम पिता स्व. गौतम कचलाम, बालोद जिला के वार्ड क्रमांक 9 चिखली निवासी 44 वर्षीय प्रशांत निषाद पिता अवधराम निषाद और राजनांदगांव जिला के मोतीपुर निवासी 33 वर्षीय सुभम गिड़ाम पिता अनिल गिड़ाम शामिल है। पूछताछ के दौरान तीनों ने जुआ खेलना स्वीकार कर लिया। जुआरी अकबर कचलाम के पास से 2 हजार 300 रुपए, प्रशांत निषाद के पास से 2 हजार 100 रुपए और शुभम गिडाम के पास से 2 हजार रुपए जब्त किए गए। इसके अलावा जुए में उपयोग हो रहे ताश के 52 पत्ते और एक पुरानी प्लास्टिक बोरी भी पुलिस ने कब्जे में ली। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की विवेचना जारी है।

## दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर जेवरात सहित 91 हजार की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

दुधावा चौकी क्षेत्र के घोटियावाही में दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है। पीड़िता के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने संदूक पेटी से करीब 90 हजार कीमत के 5 सोने के लाकेट और नगदी पार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दिया है।

दुधावा चौकी में शिकायत करने पहुंचे ग्राम घोटियावाही निवासी जोहनतीन मंडावी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करती हूँ। मेरे पति का 1 वर्ष पूर्व निधन हो चुका है, मेरे 2 लड़के है। बड़ा लड़का कांता प्रसाद व छोटा लड़का छोटेलाल है, जिसमें कांता प्रसाद की शादी हुई है तथा छोटेलाल का शादी नहीं हुआ है। दोनों बेटो के साथ ही एक ही घर में रहती हूँ। मेरे बड़े बेटे, बहू व बच्चे ग्राम बरकई कोण्डागांव मेला गए हुए थे। मैं व मेरा छोटा लड़का छोटेलाल 11 अप्रैल को सुबह लगभग 10 बजे घर के सामने के दरवाजे में ताला लगाकर घर से कुछ दूर ईमली पेड़ से ईमली गिरा रहे थे।



मेरा लड़का छोटेलाल करीबन साढ़े 11 बजे घर आया तो देखा कि दरवाजे में लगा ताला खुला हुआ कुण्डी में लटका हुआ था। उसे खोलकर घर अंदर जाकर देखा तो कमरे में घर का सामान व कपड़े इधर उधर बिखरे हुए थे। मेरा छोटा लड़का छोटेलाल मुझे वही से आवाज देकर बुलाया, तब मैं भी घर जाकर देखी तो कमरे में घर का सामान व कपड़े इधर उधर बिखरे हुए थे। हम दोनों ने घर कमरे में रखा संदूक पेटी का ताला टुटा हुआ देखा। संदूक पेटी में रखा सोने का 5 नग लाकेट, जिसकी अनुमानित कीमत 90 हजार रूपएं व नगदी रकम एक हजार रुपए को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर लिया था। चोरी की गई सोने के जेवरात जो बहुत पहले खरीदी थी, उसका मेरे पास कोई बिल नहीं है।

महिला के द्वारा दी गई चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## पांच साल पहले बनाए गए स्कूल की दीवारें उखड़ने लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

विकासखंड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भोड़िया में जिला खनिज न्यास निधि से वर्ष 2021-22 में स्वीकृत माध्यमिक शाला भवन उद्घाटन से पहले ही जर्जर होकर टूटने लगा है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने गुणवत्ता देखकर नाराजगी जताई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि भवन निर्माण में भारी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार हुआ है। उनका कहना है कि कार्य एजेंसी और संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली संदिग्ध है, जिसके कारण नया भवन भी उपयोग के योग्य नहीं रह गया। ग्रामवासियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ग्राम पटेल विजय दर्रो, देवेन्द्र टेकाम, शैलेश तिवारी, अर्जुन चक्रधारी, ब्रिज भंडारी सहित अन्य ग्रामीणों ने चिंता जताते हुए कहा कि आगामी शिक्षा सत्र में बच्चों के लिए पढ़ाई की व्यवस्था कैसे होगी, यह एक बड़ा सवाल है। नवनिर्मित भवन की ऐसी स्थिति गांव के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पूर्व में मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूलों के जीर्णोद्धार के नाम पर भी बड़े पैमाने पर राशि खर्च की गई, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस सुधार देखने को नहीं मिला। अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसी के साथ ग्राम पंचायत भोड़िया ⏭ शेष पेज 10 पर



- ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

### आशाराम ने किया भूमिपूजन, ग्रामीणों में खुशी की लहर

## सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बासनवाही में अब मिलेगा बढ़ावा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

तहसील सरोना के अंतर्गत ग्राम बासनवाही में विकास कार्यों को नई गति मिलती दिख रही है। लंबे समय से प्रतीक्षित टीनशेड एवं शिव मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन होने से ग्रामीणों में उत्साह और उम्मीद का माहौल है। यह पहल गांव के सामाजिक, सांस्कृतिक और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

बासनवाही क्षेत्र के समग्र विकास को आगे बढ़ाते हुए विधायक आशाराम नेताम ने ग्राम बासनवाही में टीनशेड निर्माण एवं शिव मंदिर निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। वर्षों से लंबित इस मांग के पूरा होने से ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे और पूरे गांव में खुशी का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह कार्य न केवल बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करेगा, बल्कि सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देगा। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र का सर्वांगीण विकास है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ग्रामीणों की हर जायज मांग को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा और विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि गांवों में इस प्रकार के निर्माण कार्य सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। जनपद पंचायत नरहरपुर के उपाध्यक्ष एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजूगोपाल साहू ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, और यह कार्य जनसहयोग से ही संभव हो पाता है।



#### कार्यक्रम के लिए स्थायी स्थान उपलब्ध होगा

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच बबिता वट्टी ने किया। ग्राम के युवा पंच एवं प्रदेश प्रेरक संघ के अध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने बताया कि टीनशेड निर्माण से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए एक सुरक्षित एवं स्थायी स्थान उपलब्ध होगा। इससे मौसम की बाधाओं और स्थान की कमी जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सरोना मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, पवन नेताम, जलसिंग नागेश सहित कई जनप्रतिनिधि और आसपास के गांवों के सरपंच एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

थाना अंतागढ़ क्षेत्र से दुष्कर्म का मामला सामने आया था। मामले में आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

प्रार्थियां ने थाना अंतागढ़ में 13 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराया कि आरोपी युवक द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया है। थाना अंतागढ़ धारा 69 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर आरोपी की पता तलाश करते हुए घेराबंदी कर अंतागढ़ से पकड़ा गया। आरोपी बिहार के ग्राम कैरी भागलपुर निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद नवसाद काजी पिता मोहम्मद कुदरत काजी हाल निवास शीतलापारा अंतागढ़ से पूछताछ करने पर अपराध कबूल किया। अपराध्य स्वीकार करने पर 14 अप्रैल को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रमेश जायसवाल, उप निरीक्षक हेमलता परिहार, प्रधान आरक्षक नरेंद्र देव मांझी, आरक्षक लखन लाल हिंड़को, आरक्षक श्रवण वट्टी का अहम भूमिका रहा।

**खबर संक्षेप**

### खेत में काम कर रही महिला की करंट लगने से मौत

**फरसगांव।** क्षेत्र अंतर्गत एक दर्दनाक हादसे में खेत में काम कर रही महिला की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतिका शैले सलाम पति रस्सु सलाम (उम्र लगभग 50 वर्ष), निवासी ग्राम पलना जो 13 अप्रैल सोमवार को दोपहर में अपने खेत में अकेले काम कर रही थी। इसी दौरान खेत में फसल सुरक्षा के लिए लगाए गए तार में बिजली की चपेट में आ जाने से उसे करंट लग गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगांव थाना पुलिस ने मर्ग क्रमांक 00/2026 धारा 194 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया। शव का पंचनामा कर मगलवार को शव का पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई है।
पुलिस अधिकारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मौत का कारण करंट लगना बताया जा रहा है। मामले में विस्तृत जांच जारी है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक की टक्कर से बाइक पर सवार मासूम सहित 4 घायल



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 पर बोरगांव पीटीएस कैम्प के पास मंगलवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ग्राम झलमला निवासी रामसाय पटेल (43), उनकी पत्नी गोमती पटेल (42), नतनीन वेदांसी पटेल (डेढ़ वर्ष) और बेटा खिलेन्द्र पटेल (27) बाइक से पाण्डे आठगांव से फरसगांव आ रहे थे। सुबह करीब 7:30 बजे जगदलपुर की ओर जा रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सभी बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत घायलों को उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है।

### कोंडागांव में 17 को प्लेसमेंट कैंप, 146 पदों पर होगी भर्ती

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा कुल 146 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। श्रमिन टैलेंट प्रा. लि. द्वारा 100 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए 8वीं से स्नातक तक की योग्यता और 0 से 3 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। रामदेव रीडालिंक्स द्वारा अकाउंटेंट, सेल्स मैनेजर और मैनेजर के कुल 6 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनके लिए 12वीं कॉमर्स या स्नातक योग्यता आवश्यक है। ईसाफ स्वस्त्रया मल्टीस्टेट एग्रो को–ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड द्वारा फील्ड स्टाफ, ब्रांच फाइनेंस ऑफिसर और ब्रांच मैनेजर के कुल 40 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें 15 से 25 हजार रुपए तक वेतन निर्धारित है।

# जिले में सड़क किनारे अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण हटाने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाने के लिए आज पुलिस, नपा अफसर व व्यापारियों की बैठक हुई। बैठक में जिले में सड़क किनारे अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण को हटाने पर बनी सहमति। दुकानदार सामान बाहर नहीं रख सकेंगे। लोडिंग-अनलोडिंग केवल निर्धारित समय पर करने का निर्णय लिया गया है। पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुड़िया के निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक के मार्गदर्शन में यातायात शाखा कार्यालय, नारायणपुर में व्यापारी संघ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्षद प्रवीण जैन, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी नारायणपुर लोकेश बंसल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामचन्द्र यादव, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक मोहसिन खान, पंकज जैन व्यापारी संघ अध्यक्ष, पवन सुराना, धनराज जैन, ललित गोलछा, जाहुरी लाल चौराड़िया, सतीश अग्रवाल तथा टीकम देशलहरा सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे। बैठक में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाने पर चर्चा की गई। विशेष रूप से सोनपुर रोड क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग एवं सड़क अतिक्रमण से उत्पन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान व्यापारियों को यातायात नियमों के पालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**खास बातें**

- सुचारु यातायात और पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने पुलिस, नपा अफसरर और व्यापारी संघ की बैठक
- दुकानों के बाहर सामान, पोस्टर एवं बैनर नहीं रख सकेंगे



### कई महत्वपूर्ण मुद्दो पर निर्णय

सबकी सहमति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यातायात पुलिस एवं नगर पालिका टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर दुकानदारों को समझाइश दी गई कि वे सड़क पर वाहनों की पार्किंग एवं अतिक्रमण से बचें। जिससे आम नागरिकों को सुगम यातायात सुविधा प्राप्त हो सके।

### उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई

जिला प्रशासन एवं व्यापारी संघ के संयुक्त प्रयास से यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में यह बैठक एक सकारात्मक पहल है। भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### एसडीएम न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद दबंगई

# निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास में दबंग ने की तोड़फोड़, दरवाजा तोड़कर विद्युत मीटर फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनोरा

निर्माणाधीन प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से बन रहे आवास में दबंगों ने रविवार को जमकर तोड़फोड़ की। दरवाजे को उखाड़ दिया और विद्युत मीटर को निकालकर फेंक दिया। हितग्राही का आरोप है कि आवास का स्वरूप ही बदल दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना से स्वीकृत होने के बावजूद पुलिस ने राजस्व मामला बताकर पल्ला झाड़कर न्यायालय जाने कहा।

- पीएम आवास होने के बावजूद पुलिस ने राजस्व मामला बता झाड़ा पल्ला

हितग्राही सत्यपाल उपाध्याय ने बताया फल बेचकर जीवन का गुजारा करता है। वह पिछले एक दशक से भी अधिक समय से सरकारी जमीन पर कच्चा आवास बनाकर रहते आ रहा था। जहां पर विद्युत विभाग का मीटर एवं नगर पंचायत का जल कनेक्शन लगा था और समय पर समेकित कर व अन्य कर अदा करते आ रहा हूं। सन-2023-24 में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत पक्का आवास बनाने नगर पंचायत में आवेदन दिया। जिसके बाद नगरपंचायत वाले आकर देखे और नियमानुसार आवास निर्माण स्वीकृत किए। स्वीकृति मिलने के बाद आवास निर्माण शुरू किया और छज्जा लेबल तक मकान बना डाला। जिसके लिए नगर पंचायत ने उसे दो किस्त में सरकारी पैसा भी दे दिया।

हितग्राही का कहना है कि इसके बाद अचानक पड़ोसी द्वारा पट्टे वाली जमीन पर आवास बनाने का झूठा आरोप लगाते तहसीलदार केशकाल के पास आवेदन दिया गया। जिस पर तहसीलदार ने विधिवत प्रकरण पंजीबद्ध करके सुनवाई किया और जमीन का सीमांकन कराया। सीमांकन में यह साफ हो गया कि उसके जमीन के बाहर आवास बना रहा हूं। जिसके बाद तहसीलदार के न्यायालय ने फैसला दिया, जिसमें आगे वाले के आरोप को आधारहीन पाते हुए उसके द्वारा जो 10 डिसमील का पट्टा होने का दावा किया गया गया था उस पट्टा को संदिग्ध बताते हुए उस पर पृथक से प्रकरण पंजीबद्ध करके कार्रवाई करने की आवश्यकता बतायी गयी। जिसके बाद आगे वाले ने एसडीएम, कलेक्टर के न्यायालय में अपील की जो खारिज हो गई। उसने बस्तर कमिश्नर के न्यायालय में अपील की, जिस पर मामला पुनः मूल न्यायालय को भेज दिया। अब अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के न्यायालय में मामला विचाराधीन है। उक्त मामले में न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश दिया गया है, इसलिए उसने भी निर्माण कार्य रोक दिया है।

हितग्राही सत्यपाल उपाध्याय ने आरोप लगाते हुए कहा कि न्यायालय के आदेश और नियम कानून को बलाए ताक में रखकर रविवार सुबह 6 मजदूर लगाकर जबरन मेरे मकान के दरवाजे को तोड़ दिया गया। ईंट रेत से दरवाजे के रास्ते को बंद कर दिया गया। मकान में लगे बिजली मीटर को उखाड़ दिया गया और मकान के उपरी छोर पर तोड़ फोड़ करते जोड़ाई करके मेरे आवास के मूल स्वरूप को ही बदल दिया गया। रविवार होने से न्यायालय बंद था। धनोरा पुलिस थाने में जाकर सब कागज़ात और मकान तोड़ने का विडियो दिखाया। पुलिस ने आपराधिक कृत्य को जमीन विवाद से जोड़कर हस्तक्षेप अयोग्य ठहराते फरमाइशी नालीश वाला कागज धरा दिया। अब मैं गरीब फिर न्यायालय का चक्कर काटते रहूं।



### नहीं होगा पीएम आवास का सपना साकार

हितग्राही सत्यपाल का कहना है कि फल बेचकर जीवन गुजर बसर करता है। उसने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवास से पक्का आवास बनवा लेने का सपना साकार करने का ख्वाब न देखा होता तो आज इस तरह की प्रताड़ना नहीं भोगनी पड़ती। आवास शुरू करने के बाद से ही दौड़भाग करने से धंधे में भी फर्क पड़ा और अब चक्कर भी लगाने पड़ रहे। लगता है कि प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना पीएम आवास का सपना साकार नहीं हो पाएगा।

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**फरसगांव।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने 12 अप्रैल 2026 को थाना फरसगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वर्ष 2018 से उसका ग्राम पल्ली निवासी अजय मरकाम के साथ प्रेम संबंध था। आरोपी ने युवती को शादी का वादा कर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता के अनुसार, वर्ष 2024 तक आरोपी शादी करने का आश्वासन देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी टालमटोल करता रहा। अंततः वर्ष 2024 में शादी से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले में थाना फरसगांव में अपराध क्रमांक 46/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी फरसगांव के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर श्रीवास के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।
**कार्रवाई में इनकी रही प्रमुख भूमिका :** निरीक्षक चंद्रशेखर श्रीवास, उपनिरीक्षक शशिभूषण पटेल, सहायक उपनिरीक्षक सुमित्रा सेठिया, महिला प्रधान आरक्षक बीना मांडवी, आरक्षक सदेश सोरी, राजेश पांडे, लक्ष्मीकांत यादव एवं महिला आरक्षक कौशल्या सोरी की सराहनीय भूमिका रही।

# दिव्यांगों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं प्रमाणपत्रों का वितरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला प्रशासन द्वारा 6 से 8 अप्रैल तक तीन दिवसीय शिविर का आयोजन समाज कल्याण विभाग कार्यालय परिसर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने भाग लिया।

शिविर के दौरान 37 दिव्यांगजनों को कृत्रिम पैर, 7 को कृत्रिम हाथ, 15 को कैलिपर्स, 29 को ट्रायसाइकिल, 17 को व्हीलचेयर, 1 सीपी व्हीलचेयर एवं 27 को बैसाखी प्रदान की गई। कुल 79 दिव्यांगजनों को मेडिकल प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलेगी। इस आयोजन में भगवान महावीर संस्था का विशेष सहयोग रहा।

यह शिविर दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

- शहर में दिव्यांगजनों के लिए लगाया गया तीन दिवसीय शिविर
- 133 दिव्यांगजन हुए लाभान्वित

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 17 को

**कोण्डागांव।** ग्रामीणजनों की मांगों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार 17 अप्रैल को सुबह 10 बजे से बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम छिंदली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

# स्वस्थ बस्तर यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग अभियान का नरहरपुर में शुभारंभ

**नरहरपुर।** नरहरपुर-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर में स्वस्थ बस्तर यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत क्षेत्र के प्रत्येक घर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें नवजात शिशु से लेकर वृद्धजन तक सभी की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की जाएगी।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर लोगों की जांच करेगी। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की बीमारी पाए जाने पर तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर मरीज को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में रेफर कर निरंतर इलाज और फॉलोअप सुनिश्चित किया जाएगा। इस योजना की विशेषता यह है कि प्रत्येक व्यक्ति की जांच के साथ ही एक विशेष मोबाइल एप के माध्यम से उसकी जानकारी दर्ज की जाएगी और उसका व्यक्तिगत डिजिटल हेल्थ प्रोफाइल तैयार किया जाएगा। इसके माध्यम से गैर संचारी, संचारी एवं मौसमी सभी प्रकार की बीमारियों की त्वरित पहचान, उपचार, रेफरल एवं सतत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। यह अभियान पूरे एक माह तक संचालित किया जाएगा। इस योजना का राज्य स्तर पर शुभारंभ सुकमा जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा किया गया। नरहरपुर में इसका शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष संजूगोपाल साहू, मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर, पार्षद मुकेश संचेती एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह की उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथि विजय मंडावी ने कहा कि राज्य सरकार व प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बस्तर अभियान से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को घर बैठे स्वास्थ्य जांच और इलाज की सुविधा मिलेगी, जिससे गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान संभव होगी और जनस्वास्थ्य में व्यापक सुधार आएगा। जनपद उपाध्यक्ष संजूगोपाल साहू ने का की स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से यह अभियान स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर ने बताया कि डिजिटल हेल्थ प्रोफाइल के माध्यम से मरीजों का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा, जिससे भविष्य में इलाज और भी आसान और प्रभावी हो सकेगा।



**स्वस्थ और सशक्त समाज का होगा निर्माण :** पार्षद मुकेश संचेती ने कहा कि यह अभियान क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें और अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराएं, ताकि स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अभियान की रूपरेखा की जानकारी दी गई और उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया गया।
**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री लक्ष्मी नारायण साहू, जिला मंत्री निलेश गोलछा, युवा मोर्चा कार्यालय प्रभारी गोपालकृष्ण साहू, योगेश सोनवंशी, रामेश्वर साहू, निरंजन सिन्हा, रेवती सिन्हा, लीला सिन्हा, लता जैन सहित स्वास्थ विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## पेज 9 के शेष

### गुमराह करके जमीन ...

से संबंधित था, जबकि दूसरा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा बालोद का था। उन्होंने जब आईडीएफसी बैंक का चेक अपने खाते में जमा किया, तो वह उसी दिन बाउंस हो गया। बैंक द्वारा जारी रिटर्न मेमो में चेक बाउंस का कारण "ड्रॉवर के हस्ताक्षर में असमानता" बताया गया। इस घटना के बाद शिकायतकर्ता की माँ बिमला बाई ने क्रेता से संपर्क किया, जिस पर आरोपी ने एक से डेढ़ महीने के भीतर राशि भुगतान करने का आश्वासन दिया। हालांकि, समय बीतने के बावजूद आज तक 12.50 लाख रुपये की राशि का भुगतान नहीं किया गया।

**क्रेता ने आवेदिका को धमकाया :** आवेदिका का आरोप है कि क्रेता ने धोखे से जमीन अपने नाम पर दर्ज करा ली है। अब उसे किसी अन्य व्यक्ति को बेचने की तैयारी कर रहा है। इतना ही नहीं, जब आवेदिका ने इस संबंध में बातचीत करने का प्रयास किया, तो क्रेता ने कथित रूप से उन्हें धमकाया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। आवेदिका का कहना है कि क्रेता ने स्वयं को अधिवक्ता बताते हुए कहा कि अब जमीन उसके नाम हो चुकी है और वह जो चाहे कर सकता है। उसने यह भी कथित रूप से कहा कि दो से चार दिन में जमीन का पुनः विक्रय कर देगा और कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

**पीड़िता ने लगाई गुहार :** ग्रामीण महिला ने यह भी कहा कि वह अशिक्षित है और कानून की जानकारी नहीं रखती, जिसका फायदा उठाकर उसके साथ छल किया गया है। अब पीड़िता ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित खसरा नंबरों की भूमि पर किसी भी प्रकार के विक्रय, दान विलेख या वसीयत के पंजीयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, ताकि आगे किसी प्रकार की धोखाधड़ी न हो सके।

**चारामा क्षेत्र में ऐसे कई मामले :** चारामा अनुभाग अंतर्गत मरकाटोला निवासी किसान तुलसीराम टांडिया की 85 डिसमिल जमीन, मरकाटोला के किसान रामशरण पटेल की 1 एकड़ 10 डिसमिल जमीन और चारभाटा के दयालूराम साहू की 3 एकड़ जमीन को बालोद जिले के ओमप्रकाश साहू ने खरीदा। उक्त किसानों ने पूरा पैसा नहीं देने का आरोप लगाया। रानीडोंगरी के किसान संतोष यादव की 5 एकड़ जमीन, छन्नूराम टांडिया की 01 एकड़ जमीन और जोहतरीन विश्चवकर्मा की 3 एकड़ जमीन सेवंत कुमार साहू ने खरीदा है, इनके द्वारा भी गुमराह करके जमीन को अपने नाम पर रजिस्ट्री करवा लिया है।

### पांच साल पहले...

में पेयजल समस्या भी गंभीर बनी हुई है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई है, जबकि क्रेडा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा चालित पानी टंकी का कार्य भी आज तक पूर्ण नहीं हो सका है। इसके चलते ग्रामीणों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से दोनों समस्याओं जर्जर स्कूल भवन और पेयजल संकट का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है, ताकि बच्चों की शिक्षा और ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाएं प्रभावित न हों।

# अंबेडकर जयंती पर ग्राम बम्हनी में लगा विधिक जागरुकता शिविर

**कोण्डागांव।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत बम्हनी में विधिक जागरुकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के तत्वावधान में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रीगरी के निर्देशानुसार तथा सचिव गायत्री साय के नेतृत्व में किया गया। शिविर में प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट एवं अधिकार मित्रें पारेश्वर देवांगन, रंजन बैध, संदीप कुमार, गुलशन कुमार नेताम व तीरथ कुमार मानिकपुरी ने उपस्थित ग्रामीणों को संविधानिक अधिकारों की महत्ता विभिन्न कानूनों एवं शासकीय योजनाओं न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया के बारे में सरल और प्रभावी तरीके से जानकारी दी। शिविर के दौरान महिला सशक्तिकरण बाल अधिकार उपभोक्ता संरक्षण निःशुल्क विधिक सहायता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।




**समानता और न्याय का लिया संकल्प** – कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने, समाज में समानता, न्याय और भाईचारे को बढ़ावा देने तथा विधिक जागरुकता फैलाने का सामूहिक संकल्प लिया। यह शिविर ग्रामीण स्तर पर कानूनी जागरूकता बढ़ाने और समाज को अधिकारों के प्रति सजग बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## खबर संक्षेप

### अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई



**घाटलोहंगा।** ग्राम पंचायत डिमरापाल में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती पहली बार धूमधाम पूर्वक मनाई गई और अगले वर्ष से हर वर्ष मनाने का निर्णय भी लिया गया है। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब द्वारा बनाये गये ग्रन्थ संविधान स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है जो भारतीयों के लिए एक-एक शब्द शक्ति प्रदान करता है।

### आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए 1.72 करोड़ की स्वीकृति

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद, आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नीति के अंतर्गत जिले के 48 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 1 करोड़, 72 लाख रुपये के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### विधायक ने किया पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास का लोकार्पण

# शिक्षा ही समाज के सर्वांगीण विकास की आधारशिला : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

बास्तानार ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़े किलेपाल में आज शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई, जब 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास भवन का लोकार्पण विधायक विनायक गोयल ने किया।

■ बेटियों के सपनों को नई उड़ान देने की दिशा में एक पहल



छात्रावास भवन का निर्माण कार्य कुल लागत राशि 191.51 लाख रुपये से पूर्ण किया गया है, जो क्षेत्र की आदिवासी छात्राओं के लिए एक बड़ी सौगात है। विधायक ने कहा कि शिक्षा ही समाज के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है और विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस छात्रावास के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाली आदिवासी छात्राओं को सुरक्षित एवं सुविधायुक्त आवास उपलब्ध होगा, जिससे वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रही है और विशेष रूप से आदिवासी अंचलों में शिक्षा के विस्तार हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। यह छात्रावास उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा।

छात्रावास भवन में छात्राओं के रहने, पढ़ने एवं अन्य आवश्यक गतिविधियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। इसमें सुसज्जित कमरे, अध्ययन कक्ष, भोजनालय, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। इस प्रकार यह भवन छात्राओं के लिए न केवल एक आवासीय सुविधा है, बल्कि उनके समग्र विकास का केंद्र भी बनेगा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस छात्रावास के संचालन से क्षेत्र की कई छात्राओं को लाभ मिलेगा, जो पहले आवासीय सुविधा के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती थीं। अब वे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी और अपने भविष्य को संवार सकेंगी।

स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक एवं शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि इस प्रकार की योजनाएं ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने इस छात्रावास के सफल संचालन एवं छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह लोकार्पण न केवल एक भवन का उद्घाटन है, बल्कि यह क्षेत्र की बेटियों के सपनों को नई उड़ान देने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी , जनपद अध्यक्ष महावती मण्डावी, उपाध्यक्ष सुनील कुहरामी, सदस्य रूपाराम मुचाकी, मण्डल अध्यक्ष सुनील कुहरामी, जिला मंत्री नारायण ठाकुर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बामन वेट्टी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मालती मण्डावी, पूर्व जनपद सदस्य रंगबती कश्यप, संतोष ठाकुर, जलन कश्यप , सनकु पदामी, जग्गु मण्डावी, लखेश्वर, पायको राम, मधु कश्यप, अर्जुन, साधूराम, सहायक आयुक्त गणेश सौरी एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## एकलव्य विद्यालय में मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कटेकल्याण में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का

■ अंबेडकर की जीवनी पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया

शुभारंभ प्राचार्य कुलदीप सिंह ने डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर शिक्षक डीआर रात्रे ने डॉ. अंबेडकर की जीवनी पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए उनके विचारों एवं योगदान को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया।

वहीं शिक्षक महेंद्र शर्मा ने उनके द्वारा किए गए महान कार्यों एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की। शिक्षक अमन कुमार ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन तथा शिक्षा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को प्रेरणादायक रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्राओं वंदना, योगिता एवं कुमकुम ने बाबा साहेब के जीवन एवं विचारों पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

रत्ना ने संविधान की शपथ दिलाकर सभी को समानता, न्याय एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य कुलदीप सिंह ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में उनके जीवन, उनके आदर्शों एवं समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन की सफलता में विद्यालय के सभी सदन प्रभारियों एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सुचारू एवं प्रभावशाली रूप से संपन्न हुआ। संचालन शिवकुमार कंवर ने किया तथा उपप्राचार्य टीएल साहू ने आभार व्यक्त किया।

# लोकतंत्र की ताकत से बस्तर में शांति स्थापित हुआ : गागड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के रुद्रारम में भीमराव अंबेडकर का जन्म जयंती मनाया गया। जयंती के अवसर पर संगोष्टी कार्यक्रम रखा गया था जहां वक्ताओं ने अपना - अपना विचार रखा। इस अवसर पर उपस्थित रहे भाजपा जिला महामंत्री

■ बाबा साहेब के आदर्शों पर कार्य कर बस्तर का व्यक्ति भी भारत रत्न का हकदार हो



फूलचंद गागड़ा ने अपने संबोधन में बस्तर में स्थापित हुई शांति व्यवस्था पर सरकार के द्वारा किये गए अभूतपूर्व निर्णय और कार्यों को लेकर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बस्तर की शान्ति के लिए संघर्ष में हुए शहीद जवानों को नमन किया। गागड़ा ने आगे कहा देश आज विकसित भारत का विजन के साथ आगे बढ़ रहा है और इस बदली हुई परिवेश में बाबा साहेब के सिद्धांतों पर राष्टवाद का भाव लेकर चलते हुए,प्रत्येक युवा और समाज के व्यक्ति का योगदान होना चाहिए।

साथ ही इस भाव के साथ राष्ट्र के लिए समर्पित होना चाहिए कि देश हमे सब कुछ देता हम भी तो कुछ देना सीखें। महामंत्री गागड़ा ने यह भी स्मरण करवाया की पूरे प्रदेश और जिले के एससी समाज लोग मात्रात्मक त्रुटि के चलते कितने दशक तक इसका परिणाम झेल रहे थे, आरक्षण का लाभ तक नही ले पा रहे थे और पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के अथक प्रयास से इस समस्या का समाधान हुआ है,आज पूरा वर्ग इस सम्पूर्ण लाभ ले रहा है। इस पर समाज के लोगों ने तालियों के साथ पूर्व मंत्री गागड़ा का धन्यवाद किया।

भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम के इस अवसर पर फूलचंद गागड़ा ने अपने संबोधन में आगे कहा की बाबा साहेब के आदर्शों पर चलकर बस्तर का कोई भी व्यक्ति देश और समाज लिए ऐसे कार्य करे जो भारत रत्न का हकदार बने।

वहीं बस्तर में हुए शांति पर गागड़ा ने कहा कि बाबा साहेब की लोकतंत्र व्यवस्था का ही नतीजा है जो देश को एक मजबूत सरकार मिली और दशकों पुरानी गंभीर समस्या का आज समाधान हुआ है। इस पर पूरा प्रदेश और खाश तौर से बस्तर गौरान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर राजनीतिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व सामाजिक पदाधिकारी विभिन्न समाज के ग्रामीण उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की 135वीं जयंती



**जगदलपुर।** ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू के दिशा-निर्देशन एवं बस्तर संभाग अध्यक्ष दिनेश यदु के नेतृत्व में भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जगदलपुर स्थित नयामुंडा के तिरंगा चौक में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि राधेश्याम साहू की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भगबती सोनकर, कल्याणी, सुरेंद्र सोनी, गेंदलाल सोनी, रघुवंश यादव, हरीश साहू, तुलसी राम ठाकुर, मुनालाल यादव,पप्पू नाग, गंगा नाग,पदाधिकारी, समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## माता रुक्मणी कन्या आश्रम में मना पालक बालक दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डिमरापाल माता रुक्मणी कन्या आश्रम में पालक बालक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पद्मनी कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रामबती भंडारी, उर्मिला गोयल भूतपूर्व सरपंच एवं बड़ी संख्या में पालक गण शामिल रहे। सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूवात की गई। संस्थान की सचिव श्रीमती साधना मेश्राम, अधिक्षिका रेखा जसवाल, संचालक हरी प्रसाद पन्ना, प्राचार्य विनोद चंद्र जोशी, शिक्षक सेवती तिवारी, विपिन त्यागी, केपी टांडे, भागीरथी उपाध्याय, एम. मोहन राव, जीतजलि पुजारी आदि रहे। फुटबॉल का डेमो मैच के प्रदर्शन से पालक प्रसन्न हुए, सभी वक्ताओं एवं पद्मश्री धर्मपाल सैनी ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पर हिंदू जागरण मंच ने जताया आभार, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर पारित धर्म स्वतंत्र विधेयक के समर्थन में हिंदू जागरण मंच दंतेवाड़ा जिला इकाई ने सोमवार को कलेक्टर देवेश ध्रुव को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह विधेयक प्रदेश में अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है। इससे समाज में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा दबाव, लालच या प्रलोभन के माध्यम से किए जाने वाले धर्म परिवर्तन पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। इस दौरान कलेक्टर ने संगठन के सदस्यों को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस विषय पर विस्तृत चर्चा के लिए बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले में धर्मांतरण से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रांत टोली के प्रचार आयाम से चंद्रकांत सिंह क्षत्रिय, जिला संयोजक डोमन लाल सिन्हा के नेतृत्व में संगठन के विभिन्न आयामों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह विधेयक सामाजिक समरसता बनाए रखने और सभी धर्मों के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा। संगठन ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी समाजहित में ऐसे निर्णय लेने की अपेक्षा जताई।

## अंबेडकर जयंती पर दी नर्सिंग, डीएड और अग्निवीर की पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के द्वारा आंबेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तुलाराम कश्यप अध्यक्ष रासेयो सलाहकार समिति, नोहर सलाम की अतिथित्य में हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी मरावी ने बाबा साहब के उद्देश्यों को पूरा करने गोटूल होम लाइब्रेरी की स्थापना कर नर्सिंग, डीएड और अग्निवीर की तैयारी कर रहे बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की पुस्तक तैयारी प्रदान किया और नियमित गोटूल लाइब्रेरी संचालन पर विचार रखा। तुलाराम कश्यप ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर हर परिस्थिति में पढ़ाई जारी रखना चाहिए । उन्होंने कहा कि संविधान धर्मनिरपेक्षता, समानता, सहिष्णुता का सिद्धांत देता है। अतः हमें गांवों संविधान की मूल भावना को लोगों तक पहुंचना चाहिए। गोटूल लाइब्रेरी की स्थापना हेतु उनके द्वारा मकान और टेबल कुर्सी देने की घोषणा भी किए। स्वयं सेवक मुकेश कश्यप और कु दिव्या पाण्डे ने राज्य स्तरीय शिविर की अनुभव स्वयं सेवकों के सामने रखा और रासेयो से जुड़कर रहे सीखें और कौशल विकास करें। कार्यक्रम हेतु प्राचार्य दीपक कुमार घोष, रासेयो सहायक मनोहर बरनाला, टी दी मानिकपुरी मार्गदर्शन रहा। इस अवसर पर नेहा समरथ, राधिका सोनी, अनुराधा, मनोज, सूरज, दिलीप, गोविंद, अनीत व स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# सिख समाज ने उत्साहपूर्वक मनाया बैसाखी पर्व

## भजन-कीर्तन से गुरुओं की जीवनी पर प्रकाश डाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बैसाखी पर्व को आज पूरे देश में सिख समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर स्थित गुरुद्वारा शांति नगर में सिख समुदाय के लोगों ने अपने गुरुओं का स्मरण करते हुए खालसा साजना दिवस और बैसाखी पर्व को भक्ति भरे

■ समाज ने अरदास कर भक्तों को गुरु का बांटा लंगर

माहौल में मनाया। रविवार से गुरुद्वारा शांति नगर में श्री अखंड पाठ साहिब चल रहा था, जिसका मंगलवार को समाप्ति हुई। उसके बाद दोपहर एक बजे तक हेमकुंड साहिब उत्तराखंड से आए रागी जत्था आदित्य प्रताप सिंह और साथियों द्वारा भजन-कीर्तन के माध्यम से गुरुओं की जीवनी पर प्रकाश डाला, जिसे सुन वहां उपस्थित संगत भाव विभोर हो गई। उसके उपरांत अरदास कर सभी भक्तों को गुरु का लंगर बांटा गया। साथ ही आज श्री गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों ने अपने कार्यकाल में किए गए वार्षिक कार्यों और आय व्यय की जानकारी उपस्थित समाज के समस्त सदस्यों को दी।

### श्री गुरु सिंघ सभा का हुआ वार्षिक चुनाव



वर्ष 2026-27 के लिए श्री गुरु सिंघ सभा कमेटी पदाधिकारियों का चुनाव, चुनाव अधिकारी तेजपाल सिंह द्वारा सिख समाज की सहमति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष स्वर्ण सिंह, उपाध्यक्ष एकम सिंह, सचिव अवतार सिंह, सह सचिव द्वय बलविंदर सिंह एवं इकबाल सिंह, कोषाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह सर्व सम्मति से चुने गए।

### खालसा साजना दिवस

बताया कि 13 अप्रैल 1699 को आनंदपुर साहिब में 10 वें सिख गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह द्वारा खालसा पंथ की स्थापना की याद में मनाया जाने वाला एक अत्यंत पवित्र दिन है। यह बैसाखी के साथ मिलकर साहस, समानता, आत्म-बलिदान और जुल्म के खिलाफ लड़ने के संकल्प का प्रतीक है, जहाँ पंज प्यारों को अमृत छकाकर खालसा परंपरा शुरू की गई थी। बैसाखी पर्व 14 अप्रैल को मनाया जाता है। यह मुख्य रूप से फसल कटाई का त्यौहार है और सिख समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी।

# दंतेवाड़ा की शक्ति आपसी एकता और भाईचारे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले की गौरवशाली परंपरा, सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से आज संयुक्त कलेक्ट्रेट स्थित शंखनी सभा कक्ष में शांति समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी मुख्य

■ विधायक ने शांति समिति की बैठक में की सौहार्द बनाए रखने की अपील

वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने समाज प्रमुखों को संबोधित करते हुए कहा कि दंतेवाड़ा की वास्तविक शक्ति यहाँ की विविधता, आपसी भाईचारा और अटूट एकता में निहित है।

विधायक ने सभी समाज प्रमुखों एवं जिम्मेदार नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति के प्रहरी के रूप में कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी या अफवाहों पर विश्वास न करें और समाज को जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि समाज का हर वर्ग शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में उन्होंने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखते हुए कहा कि जिले में एक कोर कमेटी का गठन किया जाएगा, जिसमें सभी समाजों से दो-दो प्रतिनिधि तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के दो प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह समिति सामाजिक समरसता बनाए रखने, विवादों के समाधान और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने विधायक के विचारों का समर्थन करते हुए कहा कि दंतेवाड़ा अपनी विशिष्ट संस्कृति और सामाजिक एकता के लिए जाना जाता है, जिसे बनाए रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने समाज प्रमुखों से अपील की कि वे युवाओं को सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक और उत्तेजक पोस्ट से दूर रखें तथा किसी भी विवाद की स्थिति में तत्काल प्रशासन से संपर्क कर समन्वय स्थापित करें। साथ ही कलेक्टर ने यह भी आश्वस्त किया कि शांति समिति की बैठक केवल निर्धारित अंतराल तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आवश्यकता अनुसार तीन माह से पहले भी बैठक आयोजित की जा सकती है, ताकि समय-समय पर संवाद और समन्वय बना रहे।

कानून-व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने भी समाज प्रमुखों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर समस्या का समाधान नहीं हो रहा है, तो संबंधित अधिकारी से लेकर सीधे उनके पास भी अपनी बात रखी जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया सेल के माध्यम से भ्रामक सूचनाओं पर कड़ी नजर रखी जा रही है और शांति भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान विभिन्न समाज, धर्म एवं संगठनों के प्रमुखों ने अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। प्रमुख वक्ताओं में नंदलाल मुड़ामी, सुश्री तुलिका कर्मा, सुरेश कर्मा, देवती कर्मा, कमला नाग, सोनी सोढ़ी, सुखराम नाग, कैलाश मिश्र, नागेश जायसवाल, महेश स्वर्ण, मनोज सुराना, गणेश यादव, सत्यनारायण कर्मा व बल्लू भवानी ने अपने-अपने विचार रखे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## दुर्गुकोंदल में युवा कांग्रेस की संगठन विस्तार बैठक



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल स्थित वन विभाग विश्राम गृह में ब्लॉक युवा कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार और सुदृढ़ीकरण को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष गन्नू राम सिन्हा एवं नगर अध्यक्ष महत्तम दुग्गा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाकर की गई। इस अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों और देश के प्रति योगदान को स्मरण किया गया। प्रदेश सचिव पंकज वाधवानी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि युवा कांग्रेस को बूथ स्तर तक सक्रिय करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने और विस्तार के लिए ठोस रणनीति अपनाने की बात कही। जिला अध्यक्ष राजेंद्र दुबे ने भी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता की कुंजी है। ब्लॉक अध्यक्ष गन्नू राम सिन्हा एवं नगर अध्यक्ष महत्तम दुग्गा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने की अपील की। बैठक में संगठन सृजन, बूथ स्तर तक विस्तार एवं आगामी गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और सभी ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## दुर्गुकोंदल में भाजपा ने मनाई डॉ.अंबेडकर जयंती



**दुर्गुकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी दुर्गुकोंदल द्वारा मंडल भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो के नेतृत्व में उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सेजेस दुर्गुकोंदल स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा शासकीय आवासीय छात्रावास में समाज में समानता, शिक्षा और जागरूकता को लेकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और समाज सुधार का अद्भुत उदाहरण है। उनके द्वारा रचित संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और सम्मान प्रदान किया है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री विजय पटेल, भाजपा महामंत्री रामचंद्र कल्लो, महामंत्री शकुंतला नरेटी, भाजयुमो अध्यक्ष एवं जनपद सभापति विकास राजु नायक, अजजा मोर्चा अध्यक्ष तुलसी मतलाम, अजा मोर्चा अध्यक्ष मनोज बघेल, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी दीपक पुड़ो, महामंत्री राहुल जाम्बूरकर, कोषाध्यक्ष बीरेंद्र जैन, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हरिप्रसाद टांडिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## वाटिनटोला में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम वाटिनटोला में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने एकत्रित होकर बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को स्मरण किया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय का प्रतीक है, जो आज भी समाज को प्रेरित करता है। उपस्थित जनों ने समाज में शिक्षा, समानता और जागरूकता को बढ़ावा देने तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच तुलसी राम मतलाम, सचिव गैंद लाल कुलदीप, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जमुना महवे, मितानिन रामेश्वरी टांडिया, वार्ड पंच जयबती दुग्गा, यशोदा दुग्गा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# राममय वातावरण में हुई मानस विचार संगोष्ठी, भक्ति-ज्ञान का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज. सरोना। ग्राम रामपुर जुनवानी स्थित पावन विष्णु मंदिर परिसर में तुलसी मानस प्रतिष्ठान, शाखा नरहरपुर के तत्वावधान में मानस विचार संगोष्ठी एवं प्रथम बैठक का भव्य आयोजन गरिमामय और भक्तिमय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम ने संस्कृति, आध्यात्म और जीवन मूल्यों का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण और भक्ति-संगीत के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण राममय हो उठा। इसके पश्चात आयोजित संगोष्ठी में विद्वानों ने रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं में बिहारी लाल जैन, गंधेश्वर सिन्हा, चैतु राम जुर्री, दिलीप मिश्रा, आशाराम जुर्री, पुरुषोत्तम जैन, राम विशाल दादरा एवं डॉ. लक्ष्मण शुक्ला शामिल रहे, जिन्होंने अपने गहन एवं सारगर्भित उद्बोधनों से श्रोताओं को आध्यात्मिक चिंतन की ओर प्रेरित किया। वक्ताओं ने अपने विचारों में पारिवारिक मूल्यों की प्रासंगिकता, मानवीय संबंधों की मधुरता, आदर्श नेतृत्व, भक्ति एवं सेवा, मानसिक संतुलन और रामराज्य की अवधारणा जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया और साथ ही नारी शक्ति, ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिष्ठान के अध्यक्ष चैतु राम जुर्री एवं मुख्य अतिथि सरपंच ईश्वरी कोर्राम व विशिष्ट अतिथि उपसरपंच दयालु मरकाम और लालाराम साहू उपस्थित रहे।

**श्रोताओं को आध्यात्मिक चिंतन की ओर प्रेरित किया**

### सफल बनाने में इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में दयालु राम मरकाम, लाला राम साहू, मुकेश सेन, बिहारी जैन, भुवन जैन, नंद कुमार सिन्हा, रामेश्वर सिन्हा, रोहिदास साहू, फुलसिंग जैन, निर्मल, प्रमोद निर्मलकर, श्रवण साहू सहित प्रतिष्ठान के अनेक सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### भजन से वातावरण भक्तिरस से हुआ सरोबार

इसके साथ ही दयालु मरकाम, दानेश यादव, प्रकाश चक्रधारी एवं आशाराम जुर्री द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों ने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। पूरा मंदिर परिसर राम नाम की गूंज से गुंजायमान हो उठा और श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम का संचालन चंद्रहास सिन्हा एवं राम विशाल दादरा ने प्रभावशाली एवं रोचक शैली में किया। अंत में आयोजक संस्था एवं ग्रामवासियों द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं, भजन गायकों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

**कार्यक्रम : संविधान निर्माता को जगह-जगह किया याद**

# समता, न्याय और शिक्षा के संदेश के साथ नरहरपुर में मनाई गई अंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरहरपुर



भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर नरहरपुर के सांस्कृतिक भवन में सर्व श्री महार समाज एवं भाजपा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने एक स्वर में उनके आदर्शों पर चलने तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

आयोजित सभा में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और उनके विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समाज प्रमुख मुकेश नागेश ने कहा कि बाबा साहब ने वंचित एवं शोषित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया और शिक्षा को समाज के उत्थान का सबसे बड़ा साधन बताया। बिहारीलाल सोरदे ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान किए और उनका जीवन संघर्ष व समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। महेश्वर वार्डे एवं संतलाल उंदरेकर ने समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के उनके संदेश को आज भी प्रासंगिक बताया। भाजपा मंडल महामंत्री लक्ष्मीनारायण साहू ने कहा कि बाबा साहब का सपना समतामूलक समाज की स्थापना करना था, जिसे साकार करने के लिए हमें उनके बताए मार्ग पर चलना होगा। आशाराम जूरी एवं भागवत शोरी ने युवाओं से शिक्षा अपनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। रामेश्वर साहू एवं महमूद अली ने संयुक्त रूप से कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम प्रभारी मुकेश संचेती ने कहा ऐसे आयोजन हमें बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने और समाज में एकता व समरसता को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार भी व्यक्त किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में महेश्वर चौधरी, प्रफुल्ल सोरदे, राकेश उंदरेकर, मनीराम टेमरे, कार्तिक राम नागेश, रत्नि जामुलकर, राजश्री उंदरेकर, मथुरा लावत्रे, ईश्वरी नागेश, अनिल केशरी सहित अनेक समाजजन वहीं भाजपा मंडल नरहरपुर के पदाधिकारी बिहारीलाल कुलदीप, पंकज सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, लीला सिन्हा, तरुण निषाद, कोमल नेवला सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षा, समानता और जागरुकता के संदेश के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती



**दुर्गुकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सेजेस स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा शासकीय आवासीय छात्रावास में समानता, शिक्षा और जागरूकता विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भाजपा मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो ने कहा कि बाबा साहब ने कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए समाज को समानता, न्याय और अधिकारों का मार्ग दिखाया तथा शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया। मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो ने कहा कि शिक्षित बनो का संदेश आज भी समाज को आगे बढ़ाने का आधार है और हमें अपने बच्चों को शिक्षित कर समाज को सशक्त बनाना चाहिए। कार्यक्रम सह प्रभारी शकुंतला नरेटी ने कहा कि बाबा साहब ने अपना जीवन सामाजिक असमानता को समाप्त करने के लिए समर्पित किया और हमें भेदभाव मिटाकर एकता व भाईचारे को बढ़ावा देने की प्रेरणा दी। भाजयुमो अध्यक्ष एवं जनपद सभापति विकास राजु नायक ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और आत्मसम्मान की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए समाज को नई दिशा दी। मुख्य वक्ता विजय पटेल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ते हुए सामाजिक समानता को बढ़ावा दिया और अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में छात्रावास की अधिक्षिका शैलेन्द्री मरकाम, प्रियंका बगमरिया, सुचिता उइके, जागृति ध्रुव सहित स्कूली बच्चों ने भी उपस्थित होकर बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में अजजा मोर्चा अध्यक्ष तुलसी मतलाम, अजा मोर्चा अध्यक्ष मनोज बघेल, दीपक पुड़ो, राहुल जाम्बूरकर, बीरेंद्र जैन एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हरिप्रसाद टांडिया सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मॉर्निंग स्टार स्कूल में नन्हे छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित



**कांकेर।** मॉर्निंग स्टार इंग्लिश स्कूल में 14 अप्रैल को कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। नन्हे विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

कक्षा नर्सरी में जसवी नेताम ने 99.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि दुआ अली 98.3 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं लियाना कुंजाम 96.7 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा केजी 1 में तक्ष तेता ने 99.9 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोलिका रावटे 99.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं रिद्धिमा यादव 99 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा केजी 2 में कथित गुरु पंचायन ने 99.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतीक धनकर 99.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं दिव्यांशी नेताम 98.7 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा पहली में दर्शित कोवाची और अवनी साहू दोनों ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। रेयांश ठाकुर 99.3 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं विखिल कुमार सलाम 98.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी में भाव्या साहू ने 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोहम्मद रजा 99.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं डाली साहू 98 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय के संचालक मनोज सिंह राजपूत ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही इस प्रकार के उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाते हैं।

# भानुप्रतापपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर जयंती पर किया पुष्प अर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत के समीप स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज में समरसता, समानता और न्याय के सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन जय भीम एवं भारत माता की जय के नारों के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सतीश लाठिया रहे। उनके साथ जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष अरविंद जैन, मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, महामंत्री गिरधारी नरेटी, महामंत्री राजीव श्रीवास, उपाध्यक्ष योगेश सोनवानी, पूर्व जिला कार्यालय प्रभारी रत्नेश सिंह, आईटी सेल के संकेत नशीने, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रावटे सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा वरिष्ठ कार्यकर्ता हेम प्रकाश, शिव हरे, कस्तूरचंद जैन, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता टांडिया, महामंत्री शकुंतला यादव, राजेश्वरी कचलाम, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मनोज रावटे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष राकेश देवांगन सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वार्ड क्रमांक 1 में अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**भानुप्रतापपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्थल पर उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें शत-शत नमन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने बाबा साहब के विचारों को साझा करते हुए कहा कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह सशक्त माध्यम है, जो समाज को अज्ञानता और भेदभाव की बेड़ियों से मुक्त कर सकती है। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी नरोत्तम सिंह चौहान ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब सामाजिक न्याय के महान पुरोधा थे। उन्होंने संविधान के माध्यम से हर वर्ग को समान अधिकार और अवसर प्रदान किए। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता, स्वाभिमान और कठिन परिश्रम ही व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र केवल शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि सामूहिक जीवन जीने की एक पद्धति है। बाबा साहब का जीवन समाज को शिक्षित, संगठित और जागरूक बनने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगा नया राजनीतिक अधिकार

**सरोना।** महिला सशक्तिकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया सामने आई है, जहां जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह कानून केवल एक विधायी बदलाव नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को वास्तविक अधिकार देने की दिशा में उठाया गया एक निर्णायक प्रयास है।

तारा ठाकुर ने कहा कि लंबे समय से महिलाओं के अधिकारों की बात तो की जाती रही, लेकिन उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में पर्याप्त भागीदारी नहीं दी गई। इस अधिनियम के लागू होने से अब महिलाएं केवल मतदाता तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि नीति निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगी। उन्होंने इसे लोकतंत्र को और मजबूत बनाने वाला कदम बताया। उन्होंने उन राजनीतिक दलों पर भी निशाना साधा, जिन्होंने वर्षों तक महिलाओं के नाम पर राजनीति की, लेकिन उन्हें सशक्त बनाने के लिए ठोस प्रयास नहीं किए। ठाकुर ने कहा कि अब यह कानून उन सभी के लिए करारा जवाब है, जो महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में देखते थे। आज की भारतीय नारी शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, खेल और व्यवसाय जैसे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। ऐसे में राजनीति जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना समय की मांग थी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस अधिनियम से देश की राजनीति में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय वास्तव में नारी सम्मान, अधिकार और स्वाभिमान को समर्पित है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह कानून महिलाओं को नई पहचान और शक्ति देगा। अंत में तारा ठाकुर ने विपक्षी दलों से सवाल करते हुए कहा कि जो लोग आज इस फैसले पर सवाल उठा रहे हैं, वे यह बताएं कि उन्होंने अपने कार्यकाल में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए क्या ठोस कदम उठाए। उन्होंने कहा कि अब समय बहस का नहीं, बल्कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होकर काम करने का है।

## युवक पर जानलेवा हमला कर सिर फोड़ा धार्मिक आस्था का भी किया अपमान



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर के शराब भट्टी के पास मारपीट का मामला सामने आया, जिसमें आरोपी ने पीड़ित युवक के साथ मारपीट किया और उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाते हुए उसकी पगड़ी को भी उतार दिया। खून से लथपथ युवक सीधे थाना पहुँचा, जहाँ पुलिस उसे अस्पताल ले जाकर इलाज करवाया। आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार सुभाषपारा वार्ड क्रमांक 9 निवासी 25 वर्षीय करमीन्दर सिंह ने पुलिस को बताया कि सोमवार 13 अप्रैल की रात साढ़े 8 बजे के आसपास मैं शराब दुकान के अहाते के पास अपने दोस्त राकेश दर्रो का इंतजार कर रहा था, तभी नेहरूनगर निवासी संजय दर्रो वहां पहुँचा और पीछे से मेरे सिर की पगड़ी पर हाथ मारकर उसे खोल दिया। पीड़ित ने जब इस कृत्य का विरोध किया और शांति से बात करने की कोशिश की, परंतु नशे में धुत संजय दर्रो गालियां देते हुए विवाद करने लगा। पीड़ित करमीन्दर बिना विवाद करे वहां से बचकर निकलने की कोशिश करने लगा, तभी आरोपी ने पीछे से आकर उसके सिर पर लोहे के भारी कड़े से जोरदार प्रहार कर दिया। इस हमले में करमीन्दर सिंह का सिर फट गया और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। घायल अवस्था में ही पीड़ित किसी तरह जान बचाकर सीधे थाने पहुँचा, जहाँ से पुलिस कर्मियों ने उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाकर उपचार कराया। प्रहार इतना घातक था कि पीड़ित के सिर पर चार टांके लगाने पड़े।

### मामला किया गया दर्ज

उपचार के बाद मंगलवार को प्रार्थी ने भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित ने आरोपी को गुंडा प्रवृत्ति का व्यक्ति बताते हुए अपनी जान को खतरा भी जताया है। पीड़ित कि शिकायत पर पुलिस ने आरोपी संजय दर्रो के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## ग्रामीणों को घर पहुंच दे रहे स्वास्थ्य लाभ

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी के निर्देश एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर गारेंगा के आश्रित ग्राम पंचायत में सरपंच गजवती कश्यप की उपस्थिति में मुख्यमंत्री स्वस्थ्य बस्तर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरपंच ने कहा कि मुख्यमंत्री साहाब हमारे स्वास्थ्य की चिंता कर घर-घर स्वास्थ्य के प्रति लोगो का ध्यान रख रहे है। इस अभियान में ग्रामीणों को सीधे घर पहुंच स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। सरपंच ने ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका बी. रेखा नागेश के कार्य की सराहना करते कहा कि विगत बीस वर्षों से लगातार गांव में निःस्वार्थ भाव से सेवा देकर ग्रामीण जनता को स्वास्थ्य लाभ दे रही है, जिससे हमे काफी खुशी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान



कटे होंठ व तालु का निःशुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हृदय रोग
जांच परामर्श ओपीडी सेवाएं
15 अप्रैल 2026, बुधवार
RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
स्थान: श्रीराम हॉस्पिटल, घड़ी चौक के पास, बस्तर रोड, कांकेर, समय: सुबह 10:30 से 12 बजे
स्थान: कैवल्य क्लिनिक, सिटी सेंटर के पास, कांकेर, समय: दोपहर 12 से 1 बजे
विशेषज्ञ
डॉ. भरत अग्रवाल
DNB-MED, DNB-Cardiology
Consultant - Interventional Cardiology
हृदय रोग के प्रमुख लक्षण
• हृदयाघात (हार्ट अटैक) • हार्ट फेलियर
• एरिथमिया (अनियमित दिल की धड़कन
• हाइपरटेंशन (ब्लड प्रेशर)
• हार्ट वाल्व की समस्या
• हृदय रोग से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान
आयुष्मान भारत योजना से एंजियोप्लास्टी, वाल्व रिप्लेसमेंट हृदय बाईपास सर्जरी से इलाज किया जाता है।
ईको की सुविधा उपलब्ध
रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें: 9179090912, 9926326047
श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर। अपॉइंटमेंट: 0771-6165656
MAHESHWARI